

मुझे इसकी (उपकप्तानी) उम्मीद नहीं थी। मैं यही कह सकता हूं। इस साल मैंने इस तरह से बल्लेबाजी की है। यह उसका पुरस्कार है। इससे वास्तव में अच्छा महसूस हो रहा है। और मैं यह जिम्मेदारी संभालने के लिये उत्सुक हूं।

- सूर्यकुमार यादव

भारतीय बल्लेबाज, टी-20 टीम का उपकप्तान बनाये जाने पर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ निक किर्गियोस



**निक** किर्गियोस एक ऐसा नाम जिन्हें टेनिस की दुनिया में बैड बॉय का तमगा मिला हुआ है। टेनिस कोर्ट पर फैंस के साथ उलझना हो या फिर अपने पर्सनल लाइफ का विवाद हर जगह निक किर्गियोस का नाम उछला। हालांकि अब वह किसी दूसरे कारण से सुर्खियों में हैं। दरअसल उन्होंने 6 साल के बाद फ्रेंच ओपन में खेलने का फैसला किया है। हालांकि निक का यह फैसला उनका खुद का नहीं है बल्कि अपनी गर्लफ्रेंड के कहने पर उन्होंने फ्रेंच ओपन में खेलने का मन बनाया है। दअरसल निक की गर्लफ्रेंड कोस्टिन हैट्जी की चाहत है कि वह निक को पेरिस में देखें।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# कैरी का शतक, ऑस्ट्रेलिया ने कसा शिकंजा



मेलबर्न 28 दिसंबर। एलेक्स कैरी (111) की शतकीय पारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को पहली पारी में आठ विकेट पर 575 रन बना कर पारी समाप्ति की घोषणा कर दी और 386 रन की बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। दिन का खेल खत्म होने के समय दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान डीन एल्गार (0) का विकेट खोकर दूसरी पारी में 15 रन बना लिये थे। इस लिहाज से मेहमान टीम अभी भी आस्ट्रेलिया की पहली पारी के स्कोर से 371 रन पीछे है। सरेल एरवी सात और थूनिस डी ब्रुइन छह रन बना कर क्रीज पर मौजूद हैं।

आज के खेल का मुख्य आकर्षण कैरी का करियर का पहला शतक रहा जिसे उन्होने 243 मिनट क्रीज पर टिक कर 149 गेंद खेल कर पूरा किया। इस दौरान उन्होने 13 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। कैमरन ग्रीन 51 रन बना कर नाबाद वापस लौटे। दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नार्जे तीन विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे वहीं कैसिगो रबाडा ने 144 रन खर्च कर दो विकेट हासिल किये।

पहली पारी में मात्र 189 रन पर सिमटने वाली दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरूआत भी निराशाजनक रही जब पारी के दूसरे ओवर में ही पैट कमिंस ने कप्तान एल्गर को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच करवा कर पवेलियन लौटा दिया। कमिंस के पहले ओवर की तीसरी आउट स्विंगर बाल पर बल्ला अड़ाने की गलती एल्गर ने की और गेंद बल्ले का बाहरी किनारा चूमती हुयी कैरी के दस्तानों में समा गयी।

# लैथम और विलियम्सन के शतकों से न्यूज़ीलैंड मजबूत



कराची 28 दिसंबर। टाम लैथम (113) और कप्तान केन विलियम्सन (105 नाबाद) की बेहतरीन शतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान की पहली पारी के स्कोर 438 रन के जवाब में बुधवार को अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 440 रन बना कर स्थिति मजबूत कर ली थी।

लैथम ने पहले विकेट के लिये डेवान कानवे (92) के साथ मिल कर 183 रन का मजबूत प्लेटफार्म तैयार किया जिस पर विलियम्सन ने डेरिल मिचेल (42),टाम ब्लंडेल (47) के साथ साझीदारी कर रनों की इमारत खड़ी कर दी। दिन का खेल खत्म होने के समय विलियम्सन का साथ देने ईश सोढी एक रन बना कर क्रीज पर डटे थे। न्यूजीलैंड को दो रन की बढत मिल चुकी है और यदि कल उसके बल्लेबाज लंच तक विकेट पर टिकने में सफल होते हैं तो मेहमान टीम को मिली लीड पाकिस्तान की मुश्किलों में इजाफा कर सकता है।

लैथम ने अपने टेस्ट करियर की 13वीं शतकीय पारी के दौरान 191 गेंदों का सामना किया और दस चौके लगाये वहीं दूसरे छोर पर कानवे अपने नर्वस 90 का शिकार बने हालांकि उन्होने 14 चौके लगा कर पाकिस्तानी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ दी। बाद में क्रीज पर आये विलियम्सन ने 25वां टेस्ट शतक संयम पूर्ण बल्लेबाजी कर पूरा किया। अपने अनुभव का भरपूर फायदा उठाते हुये 32 साल के विलियम्सन ने सिर्फ ढीली गेंदों पर प्रहार किया जिसके चलते उन्हे शतक पूरा करने में 200 से ज्यादा गेंदे खेलनी पड़ी। पाकिस्तान के अबरार अहमद तीन विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे वहीं नौमान अली ने दो और मोहम्मद वसीम ने एक विकेट चटकाया।

# शतरंज खिलाड़ी खादेम ने बिना हिजाब के प्रतियोगिता में भाग लिया

दुबई, 28 दिसंबर। ईरान की महिला शतरंज खिलाड़ी सारा खादेम ने एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिना हिजाब के हिस्सा लिया है। मीडिया रिपोर्टो के अनुसार सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों के शुरु होने के बाद किसी भी प्रतियोगिता में बिना हिजाब के दिखाई देने वाली यह पहली महिला खिलाड़ी हैं। ईरान में सितंबर के मध्य में 22 वर्षीय ईरानी कुर्द महिला महसा अमिनी की मौत के बाद हिजाब के खिलाफ प्रदर्शन की शुरूआत हुयी थी। पुलिस ने अमिनी को 'अनुचित पोशाक' के आरोप में हिरासत में लिया था।

ईरान के समाचार आउटलेट ख़बरवर्ज़ेशी और एतेमाद ने सोमवार को रिपोर्ट एक में कहा कि सारा खादेम ने अल्माटी, कजाकिस्तान में फिडे वर्ल्ड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में बिना हिजाब के बिना भाग लिया था। ईरान के सख्त ड्रेस कोड के तहत सिर पर स्कार्फ़ अनिवार्य है। दोनों आउटलेट्स द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें टूर्नामेंट के दौरान सिर पर बिना स्कार्फ़ की हैं। ख़बरवर्ज़ेशी ने सिर पर स्कार्फ़ पहने हुए अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की, लेकिन बिना यह बताए कि क्या यह उसी कार्यक्रम में ली गई थी। खादम के इंस्टाग्राम पेज पर टूर्नामेंट या रिपोर्ट के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गई थी। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ की वेबसाइट के अनुसार 1997 में पैदा हुई खादेम को दुनिया में 804वां स्थान मिला है। 25-30 दिसंबर के आयोजन के लिए वेबसाइट ने उन्हें रैपिड और ब्लिट्ज दोनों प्रतियोगिताओं में एक प्रतिभागी के रूप में सूचीबद्ध किया। इससे पहले ईरान की पर्वतारोही एल्नाज़ रेकाबी ने अक्टूबर में बिना सिर पर स्कार्फ़ के दक्षिण कोरिया में भाग लिया।

## राजस्थान की पुडुचेरी पर जीत में चमके सुतार

पुडुचेरी, 28 दिसंबर। मानव सुतार ने नाबाद 96 रन बनाने के बाद मैच में 11 विकेट लिए जिससे राजस्थान में रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच में बुधवार को यहां पुडुचेरी को पारी और 101 रन से करारी शिकस्त देकर बोनस सहित सात अंक हासिल किए।इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने एक दिन पहले आखिरी विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी करके राजस्थान का स्कोर 335 रन पर पहुंचाने के बाद बुधवार को गेंदबाजी में कमाल दिखाया तथा मैच में 62 रन देकर 11 विकेट लिए। उनकी शानदार गेंदबाजी से पुडुचेरी पहली पारी में 104 रन पर आउट हो गया। फॉलोऑन के लिए उतरे पुडुचेरी के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी नहीं चल पाए और उसकी टीम 130 रन पर आउट हो गई। सुतार ने पहली पारी में 17 ओवर में 33 रन देकर आठ विकेट लिए थे। उन्होंने दूसरी पारी में 29 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। महिपाल लॉमरोर ने दूसरी पारी में 38 रन देकर चार विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया।

## ईपीएल : मैनचेस्टर युनाइटेड ने फोरेस्ट को हराया

मैनचेस्टर, 28 दिसंबर। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की रवानगी के बाद इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबाल के पहले मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 3.0 से हरा दिया । युनाइटेड के लिये मार्कस रशफोर्ड और एंथोनी मार्शल ने पहले हाफ में गोल दागे । तीसरा गोल 87वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी फ्रेड ने किया। इस जीत के बाद अब युनाइटेड चौथे स्थान पर काबिज टोटेनहम से एक ही अंक पीछे है । दूसरे मैच में चेलसी ने तीन मैचों में हार का सिलिसला तोड़ते हुए बोर्नमाउथ को 2.0 से हराया। उसके लिये केइ हेवर्ट्स और मासन माउंट ने पहले हाफ मं गोल किये।

## पीसीबी ने रमीज राजा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी

कराची, 28 दिसंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रमीज राजा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी है।रमीज को पीसीबी से बाहर करने के बाद इस पूर्व अध्यक्ष और नई प्रबंधन समिति के बीच वाक युद्ध छिड़ा हुआ है। पाकिस्तान सरकार ने पिछले गुरुवार को रमीज को पीसीबी के अध्यक्ष पद से हटाकर क्रिकेट बोर्ड के संचालन के लिए नजम सेठी की अगुवाई में 14 सदस्यों की समिति नियुक्त की थी। रमीज ने इसके बाद आरोप लगाया था कि उन्हें अपनी निजी वस्तुओं को लाने के लिए भी बोर्ड के कार्यालय में नहीं आने दिया जा रहा है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम को तमाशा करार दिया था और कहा था कि नई समिति के रहते हुए किसी को भी पाकिस्तान क्रिकेट की भलाई की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। सेठी और समिति ने रमीज के बयान को गंभीरता से लेते हुए बयान जारी किया और कहा कि उन्होंने पूर्व कप्तान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखा है।

## वॉलीबॉल टीमों का चयन : उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को नोटिस जारी किया

नयी दिल्ली, 28 दिसंबर। उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा है जिसमें कहा गया था कि भारतीय वॉलीबॉल महासंघ (वीएफआई) राज्यों की टीम का चयन कर उन्हें गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों के लिए भेज सकता था।न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने युवा मामलों और खेल मंत्रालय, वीएफआई और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ ने कहा, "नोटिस जारी करें, छह सप्ताह में लौटाया जा सकता है।" गुजरात में 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया गया।

# भारत में टेस्ट श्रृंखला तक फिट होने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा : ग्रीन



मेलबर्न, 28 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के चोटिल ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने कहा कि वह भारत के खिलाफ अगले साल फरवरी के शुरू में होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला तक फिट होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करेंगे क्योंकि यह बेहद महत्वपूर्ण दौरा होगा।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में दूसरी सबसे बड़ी कीमत पर बिकने वाले 23 वर्षीय ग्रीन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए। उनकी उंगली में चोट लगी है जिसके कारण वह सिडनी में तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। ग्रीन हालांकि भारत के 'मानसिक और शारीरिक' रूप से चुनौतीपूर्ण दौरे के लिए जल्द से जल्द फिट होना चाहते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिहाज से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी काफी महत्वपूर्ण है और ग्रीन ने कहा कि वह इस तरह की महत्वपूर्ण श्रृंखला से बाहर नहीं होना चाहते हैं।

ग्रीन ने कहा," यह वास्तव में आहत करने वाला है कि मैं (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी में आखिरी टेस्ट में) नहीं खेल पाऊंगा। मैंने पदार्पण करने के बाद प्रत्येक मैच खेला है और ऐसे में घर में बैठकर टेस्ट क्रिकेट देखना थोड़ा अजीब होगा।" इस ऑलराउंडर ने दर्द के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में बल्लेबाजी की और अर्धशतक बनाया। आईपीएल नीलामी में मुंबई इंडियंस द्वारा 17.5 करोड़ रुपए में खरीदे गए ग्रीन की निगाहें अब भारतीय श्रृंखला पर टिकी हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार ग्रीन ने कहा," ऑस्ट्रेलिया के ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत शानदार है और निश्चित तौर पर मुझे इसकी कमी खलेगी। मैं भारत दौरे के लिए पूरी तरह फिट होने के लिए अपनी तरफ से वह हर संभव प्रयास करूंगा जो मैं कर सकता हूं।" उन्होंने कहा," बहुत से लोग भारतीय दौरे को लेकर बात करते हैं कि यह मानसिक और शारीरिक रूप से कितना कड़ा होता है। यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण दौरा होगा। हम हमेशा की तरह इसके लिए तैयार हैं।

# अर्शदीप, रेणुका और यस्तिका आईसीसी के साल के उभरते हुए क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में

दुबई, 28 दिसंबर।। भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को बुधवार को मार्को जेनसन, फिन एलेन और इब्राहिम जादरान के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साल के उभरते हुए (इमर्जिंग) क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नामित किया गया।आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा कि इन पुरस्कारों के लिए वोटिंग जनवरी में शुरू होगी।

महिला वर्ग में भारत की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और बल्लेबाज यस्तिका भाटिया के अलावा ऑस्ट्रेलिया की डार्सी ब्राउन और इंग्लैंड की एलिस कैप्सी को इस पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। अर्शदीप को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के छह महीने से भी कम समय में इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

इस तेज गेंदबाज ने 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 18.12 की औसत से 33 विकेट चटकाए हैं। अर्शदीप नई और पुरानी दोनों गेंद से विकेट हासिल करने में सफल रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में प्रभावी प्रदर्शन के बाद अर्शदीप ने भारत के लिए भी अच्छा प्रदर्शन किया जो 2021 टी20 विश्व कप की निराशा के बाद वापसी की कोशिशों में जुटा था।

अर्शदीप ने हाल में भारत के न्यूजीलैंड दौरे के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी पदार्पण किया। अर्शदीप ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बेहद कम समय में कुछ यादगार प्रदर्शन किए जिसमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ बेहद दबाव वाले टी20 विश्व कप मैच में प्रभावी प्रदर्शन भी शामिल है। अर्शदीप ने अपनी गति और स्विंग की बदौलत पाकिस्तान के दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को पवेलियन भेजा। इस तेज गेंदबाज ने डेथ ओवरों में गेंदबाजी में वापसी करते हुए आसिफ अली को भी आउट किया और मैच में 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

अर्शदीप को इस पुरस्कार की दौड़ में दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेनसन, न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज एलेन और अफगानिस्तान के बल्लेबाज जादरान से चुनौती मिलेगी। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका को सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों में इस साल 29 मैच में 40 विकेट चटकाने के बाद इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया। झूलन गोस्वामी के संन्यास लेने के बाद उन्होंने अधिकांश मौकों पर इस अनुभवी तेज गेंदबाज की कमी नहीं खलने दी है।

छब्बीस साल की रेणुका एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अधिक प्रभावी रही हैं जहां उन्होंने 14.88 के औसत से 18 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने इस साल सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को परेशान करते हुए आठ विकेट चटकाए। रेणुका ने इसके अलावा इस साल बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों और ढाका में एशिया कप में भी प्रभावी प्रदर्शन करते हुए 11 मैच में 17 विकेट हासिल किए।

यस्तिका ने भी पूरे साल मध्यक्रम में भारत के लिए उम्दा प्रदर्शन किया। उन्होंने न्यूजीलैंड में 50 ओवर के विश्व कप से पहले 41 और 31 रन की पारी खेलने के अलावा ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक जड़े।

# विश्वकप जीतने पर हरमनप्रीत ब्रिगेड होगी मालामाल

नई दिल्ली, 28 दिसंबर। अगले महीने ओडिशा में होने वाले हाकी के महाकुंभ यानी एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 में भारतीय टीम को प्रोत्साहित करने के लिये हाकी इंडिया ने नगद पुरस्कारों की घोषणा की है।

भारतीय टीम यदि विश्वकप का स्वर्ण पदक जीतती है तो टीम के प्रत्येक सदस्य को 25 लाख रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को पांच पांच लाख रूपये मिलेंगे। भारत ने आखिरी बार 1975 में विश्व कप का खिताब जीता था। मलेशिया के कुआलालंपुर में फाइनल में उसने पाकिस्तान को हराकर प्रतिष्ठित खिताब जीता था।

हरमन ब्रिगेड अगर विश्वकप के फाइनल में हारती भी है, फिर भी हर खिलाड़ी को 15 लाख और सहयोगी स्टाफ को तीन लाख का नगद पुरस्कार दिया जायेगा जबकि कांस्य पदक की उपलब्धि पर हर खिलाड़ी 10 लाख रुपये से सम्मानित किया जाएगा, जबकि सहायक कर्मचारी दो लाख रुपये के पुरस्कार के हकदार होंगे।

यह निर्णय हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड ने पिछली 24 दिसंबर को एक आभासी बैठक में लिया जिसका मकसद टीम के मनोबल को और बढ़ाने का था। विश्वकप में दुनिया की 16 शीर्ष टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा घरेलू विश्व कप में पदक जीतना निश्चित रूप से खिलाड़ियों के लिए उनके सजे हुए करियर की सबसे अच्छी यादों में से एक होगा। हम उन्हें एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के लिए शुभकामनाएं देते हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम देश का गौरव है और हम चाहते हैं कि वे इस खेल में सभी संभव ऊंचाइयों को छूएं। इसे हासिल करने में उनकी मदद करने और इस लक्ष्य के प्रति उन्हें और प्रेरित करने के लिए हमने टीम के लिए इस पुरस्कार की घोषणा की है। हरमनप्रीत एंड कंपनी बहुत सक्षम और प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और हमें यकीन है कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

हॉकी इंडिया ने पिछले सप्ताह विश्वकप के लिये 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। भारतीय टीम इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ पूल डी में है। टीम 13 जनवरी को राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में स्पेन के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी जिसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ उनका दूसरा मैच होगा। वे वेल्स के खिलाफ अपने तीसरे पूल मैच के लिए भुवनेश्वर जाएंगे।

नॉकआउट चरण 22 जनवरी और 23 जनवरी को क्रॉसओवर मैचों के साथ शुरू होगा जिसके बाद 25 जनवरी को क्वार्टर फाइनल और 27 जनवरी को सेमीफाइनल होंगे। कांस्य पदक मैच और फाइनल दो फरवरी को होगा।

## भारत की सविता श्री ने विश्व रैपिड शतरंज में कांस्य पदक जीता

अलमाटी (कजाखस्तान), 28 दिसंबर। भारत की 15 वर्षीय महिला इंटरनेशनल मास्टर बी सविता श्री ने बुधवार को यहां फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में महिलाओं के वर्ग में कांस्य पदक जीता।सविता को 36वीं वरीयता हासिल थी। उन्होंने 11 दौर की बाजियों में आठ अंक हासिल करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। पहले आठ दौर के बाद उनके 6.5 अंक थे। नौवें दौर में कजाकिस्तान की झांसाया अब्दुमालिक से हारने से सविता शीर्ष दो में जगह नहीं बना पाई।

उन्होंने 10वें दौर में सिंगापुर की कियान्युन गोंग को हराकर वापसी की और अंतिम दौर में कजाखस्तान की दिनारा सदुआकासोवा के साथ बाजी ड्रॉ खेली। भारत की शीर्ष खिलाड़ी और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता कोनेरू हंपी ने भी आठ अंक बनाए लेकिन वह छठे स्थान पर रही। सविता और हंपी के अलावा दो अन्य खिलाड़ियों ने समान आठ-आठ अंक हासिल किए। सविता को हालांकि बेहतर टाईब्रेक स्कोर के कारण तीसरा स्थान मिला। चीन की तेन झोंग्यी ने प्लेऑफ में सदुआकासोवा को हराकर खिताब जीता।

## अविष्का फर्नांडो की भारत दौरे के लिए श्रीलंका टीम में वापसी

कोलंबो, 28 दिसंबर। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो की मुंबई में तीन जनवरी से भारत के खिलाफ शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए बुधवार को श्रीलंका की टीम में वापसी हुई।फर्नांडो ने श्रीलंका की ओर से पिछला मैच फरवरी में खेला था जिसके बाद वह चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हो गए थे। इस 24 वर्षीय बल्लेबाज ने हाल में संपन्न लंका प्रीमियर लीग में प्रभावी प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका की टी20 और एकदिवसीय दोनों टीम में वापसी की है। श्रीलंका क्रिकेट ने तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की श्रृंखला के लिए 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। लंका प्रीमियर लीग में उम्दा प्रदर्शन करने वाले सदीरा समरविक्रम को दिनेश चांदीमल पर तरजीह देते हुए टीम में शामिल किया गया है जबकि चमिका करूणारत्ने की भी टीम में वापसी हुई है।

दासुन शनाका को दोनों टीम की कप्तानी सौपी गई है। टी20 प्रारूप में वानिंदु हसरंगा जबकि एकदिवसीय प्रारूप में कुसाल मेंडिस को उप कप्तान बनाया गया है। मुंबई में पहले टी20 मुकाबले के बाद श्रृंखला के दो अन्य मैच पुणे (पांच जनवरी) और राजकोट (सात जनवरी) में खेले जाएंगे। एकदिवसीय श्रृंखला के मुकाबले गुवाहाटी, कोलकाता और तिरुवनंतपुरम में क्रमशः 10,12 और 15 जनवरी को होंगे।

**टीम इस प्रकार है :-** दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रम, कुसाल मेंडिस, भानुका राजपक्षे (केवल टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए), चरिथ असलंका, धनंजय डि सिल्वा, वानिंदु हसरंगा, एशेन बंडारा, महेश थीकसाना, जेफरी वांडरसे (केवल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के लिए), चमिका करुणारत्ने, दिलशान मदुशंका, कासुन राजिता, नुवानिदु फर्नांडो (केवल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के लिए), डुनिथ वेलालागे, प्रमोद मदुशान, लाहिरू कुमारा, नुवान तुषारा (केवल टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए)।

## हॉकी विश्वकप के लिये छह राज्यों के मुख्यमंत्री को भेजा गया न्यौता

भुवनेश्वर, 28 दिसंबर। ओडिशा सरकार ने 13 से 29 जनवरी के बीच भुवनेश्वर और राउरकेला में खेले जाने वाले पुरुष हाकी विश्वकप के लिये छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया है। सूबे के खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण मंत्री अतनु सब्यसाची नायक ने चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और पुडुचेरी में पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी से मुलाकात की और व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की ओर से हॉकी विश्वकप का दीदार करने के लिये निमंत्रण पत्र दिया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अशोक चंद्र पांडा ने दिल्ली में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी से मुलाकात की और उन्हें व्यक्तिगत रूप से पटनायक को निमंत्रण सौंपा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की। एसटी/एससी मंत्री जगन्नाथ सरका ने रांची में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें विश्व कप हॉकी में भाग लेने के लिए पटनायक का निमंत्रण सौंपा।राज्य के वित्त मंत्री निरंजन पुजारी ने दिल्ली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और राज्य के इस्पात और खान मंत्री प्रफुल्ल मल्लिक ने पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और उन्हें विश्व कप हॉकी के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का निमंत्रण दिया। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने देश के सभी मुख्यमंत्रियों को विश्वकप हाकी में आमंत्रित करने का फैसला किया है।

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा दुकान संख्या- सी.सी.-216 जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 32.766 वर्ग मीटर का आवंटन श्री रईसउद्दीन पुत्र श्री रहमऊद्दीन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 92 दिनांक 02.05.1998 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त दुकान के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर चतुर्थ में दिनांक 02.08.2006 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री रईसउद्दीन पुत्र श्री रहमऊद्दीन के द्वारा उक्त दुकान का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्रीमती बीना गोयल पत्नी श्री श्याम गोयल को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 02.08.2006 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती बीना गोयल पत्नी श्री श्याम गोयल के द्वारा उक्त दुकान का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री हरिन्द सिंह पुत्र श्री भूपेन्द्र सिंह को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर षष्ठम में दिनांक 12.03.2019 को करवाया गया। श्री हरेन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 26.04.2021 को हो जाने के कारण श्रीमती रविन्द कौर पत्नी स्व. श्री हरिन्द सिंह अगमदीप सिंह (नाबालिक) एवं हर्षलीन कौर (नाबालिक) संरक्षिका माता श्रीमती रविन्द कौर के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, विक्रय पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त दुकान का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्रीमती रविन्द कौर पत्नी स्व. श्री हरिन्द सिंह, अगमदीप सिंह (नाबालिक) एवं हर्षलीन कौर (नाबालिक) संरक्षिका माता श्रीमती रविन्द्र कौर के पक्ष में उक्त दुकान के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 4/746 जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 87.63 वर्ग मीटर का आवंटन श्रीमती पुष्पलता पत्नी श्री महेन्द्र सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 265 दिनांक 11.04.1983 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 31.03.1993 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती पुष्पलता पत्नी श्री महेन्द्र सिंह के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्रीमती राजरानी खन्ना पत्नी श्री शैलेन्द्र खन्ना को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 13.11.2003 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती राजरानी खन्ना पत्नी श्री शैलेन्द्र खन्ना के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री जितेन्द्र कुमार ज्ञानचन्दानी पुत्र श्री गोपाल दास ज्ञानचन्दानी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, द्वितीय में दिनांक 16.10.2006 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री जितेन्द्र कुमार ज्ञानचन्दानी पुत्र श्री गोपाल दास ज्ञानचन्दानी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री हरेन्द्र सिंह पुत्र श्री भूपेन्द्र सिंह को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर द्वितीय में दिनांक 22.09.2008 को करवाया गया। श्री हरेन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 26.04.2021 को हो जाने के कारण श्रीमती रविन्द कौर पत्नी स्व. श्री हरिन्द सिंह अगमदीप सिंह (नाबालिक) एवं हर्षलीन कौर (नाबालिक) संरक्षिका माता श्रीमती रविन्द कौर के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, विक्रय पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्रीमती रविन्द कौर पत्नी स्व. श्री हरिन्द सिंह, अगमदीप सिंह (नाबालिक) एवं हर्षलीन कौर (नाबालिक) संरक्षिका माता श्रीमती रविन्द कौर के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर